# स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम

## एम.ए.हिन्दी (ऑनलाइन)

### (एम.एच.डी.ऑनलाइन)

## कार्यक्रम दर्शिका

मानविकी विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
नई दिल्ली -110068
ई-मेल : *soh@ignou.ac.in*, *mahindionline@gmail.com*

# इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
# नई दिल्ली

## एम.ए.हिन्दी (ऑनलाइन) कार्यक्रम

**1. प्रस्तावना**

एम.ए.हिन्दी इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम है। विगत दो दशकों से सफलतापूर्वक संचालित इस कार्यक्रम के प्रति शिक्षार्थियों का आकर्षण निरंतर बढ़ता जा रहा है। दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से संचालित यह कार्यक्रम अब वैश्विक क्षितिज पर अपनी मांग और उपयोगिता का विस्तार कर रहा है। इसलिए अब इग्नू अपने इस कार्यक्रम को ऑनलाइन शिक्षण पटल पर प्रस्तुत कर रहा है। विश्व में हिन्दी भाषा और साहित्य की बढ़ती मांग को ध्यान में रखकर एम.ए.हिन्दी के कार्यक्रम को पहली बार इग्नू ऑनलाइन माध्यम से शिक्षार्थियों को उपलब्ध करा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षार्थियों को हिन्दी भाषा और साहित्य की विस्तृत और ठोस जानकारी उपलब्ध करना है, साथ ही वे साहित्य के आस्वादन और विश्लेषण-मूल्यांकन की अपनी क्षमता का भी विकास कर सकें। यह कार्यक्रम इग्नू की वेबसाइट पर उपलब्ध होने के साथ ही मानव संसाधन विकास मंत्रालय के 'स्वयं' पटल पर भी उपलब्ध होगा। यह कार्यक्रम सम्पूर्ण विश्व में अध्ययन और नामांकन हेतु उपलब्ध होगा। यह कार्यक्रम ऑनलाइन शिक्षा के सभी घटकों से युक्त है। नामांकन से लेकर प्रमाणपत्र प्राप्त करने तक की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध है।

**2. प्रवेश के लिए योग्यता**

एम.ए.हिन्दी (ऑनलाइन) कार्यक्रम में वे अभ्यर्थी प्रवेश ले सकेंगे जिन्होंने किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की उपाधि प्राप्त की हो।

**3. अवधि**

एम.ए.हिन्दी (ऑनलाइन) कार्यक्रम को पूरा करने के लिए कम से कम 2 वर्ष और अधिकतम 4 वर्ष की अवधि निर्धारित है।

**4. शुल्क विवरण**

पूरे कार्यक्रम के लिए 12000/- , रु.6000/- प्रतिवर्ष

**5. शिक्षण माध्यम**

एम.ए.हिन्दी (ऑनलाइन) कार्यक्रम केवल हिन्दी माध्यम में उपलब्ध है।

**6. क्रेडिट पद्धति**

एम.ए.हिन्दी (ऑनलाइन) कार्यक्रम में क्रेडिट पद्धति अपनाई गई है। 2 वर्ष (चार सेमेस्टर) के इस कार्यक्रम के लिए 64 क्रेडिट के पाठ्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। विद्यार्थी अपने अध्ययन के प्रत्येक सेमेस्टर में 16 क्रेडिट और प्रत्येक वर्ष में 32 क्रेडिट अर्जित कर सकता है। प्रत्येक क्रेडिट के अंतर्गत सभी शिक्षण घटकों के लिए 10 घंटे का अध्ययन निर्धारित है। इस प्रकार 8 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 80 घंटे और 4 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 40 घंटे का अध्ययन अपेक्षित है। दोनों वर्षों के 64 क्रेडिट के लिए कुल 640 घंटे का अध्ययन अपेक्षित है।

**7. कार्यक्रम संरचना**

64 क्रेडिट का यह पाठ्यक्रम चार सेमेस्टरों में विभाजित है। प्रत्येक सेमेस्टर में 16 क्रेडिट का पाठ्यक्रम उपलब्ध कराया गया है। इन पाठ्यक्रमों को निर्धारित अवधि में पूर्ण करना शिक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है।

**8. शिक्षण प्रविधि**

एम.ए.हिन्दी (ऑनलाइन) कार्यक्रम की शिक्षण प्रणाली छात्रोन्मुखी ऑनलाइन शिक्षा पद्धति पर आधारित है। प्रति क्रेडिट निर्धारित दस घंटों के अध्ययन हेतु 8 क्रेडिट के पाठ्यक्रम में कुल 80 घंटे अध्ययन हेतु अपेक्षित हैं, जिसमें 40 घंटे ई-पाठ्य सामग्री, प्रश्नोत्तरी और परिचर्चा हेतु निर्धारित हैं तथा शेष 40 घंटे के वीडियो व्याख्यान उपलब्ध कराये जाएंगे। इसी तरह चार क्रेडिट के पाठ्यक्रम में 20 घंटे ई-पाठ्य सामग्री, प्रश्नोत्तरी और परिचर्चा हेतु निर्धारित हैं तथा शेष 20 घंटे के वीडियो व्याख्यान उपलब्ध कराये जाएंगे। ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली में चार महत्वपूर्ण घटक होते हैं, जो हम अपने विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करायेंगे –

**I. ई-पाठ्य सामग्री –**

एम.ए.हिन्दी (ऑनलाइन) कार्यक्रम के पहले घटक के रूप में गुणवत्ता पूर्ण ई-पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। यह ई-पाठ्य सामग्री सम्पूर्ण पाठ्यक्रम हेतु सप्ताहवार विभाजित होगी।

**II. वीडियो व्याख्यान –**

एम.ए.हिन्दी (ऑनलाइन) कार्यक्रम में प्रति क्रेडिट 10 घंटे के वीडियो व्याख्यान विषय की जरूरत के अनुरूप व्यवस्थित रूप से उपलब्ध कराये जाएंगे। इन वीडियो कार्यक्रमों का उद्देश्य शिक्षार्थी को कक्षा के वातावरण का अनुभव कराना है। ई-पाठ्य सामग्री के साथ-साथ इन वीडियो व्याख्यानों को देखना-सुनना अपेक्षित होगा।

**III. प्रश्नोत्तरी –**

प्रत्येक मॉड्यूल के अध्ययन के पश्चात सप्ताहवार प्रश्नोत्तरी उपलब्ध होगी, जिसके माध्यम से शिक्षार्थी अपनी अध्ययन की प्रगति को जांच सकते है। इससे उन्हें स्वमूल्यांकन का अवसर प्राप्त होगा, तथा जहां आवश्यक होगा वहाँ वे पुनःअध्ययन के लिए भी प्रोत्साहित होंगे।

**IV. वेब लिंक और परिचर्चा –**

यह ऑनलाइन शिक्षा का एक महत्वपूर्ण घटक है। हम इसके अंतर्गत अपने शिक्षार्थियों को विषय के विस्तृत अध्ययन हेतु अन्य स्रोतों का वेब लिंक उपलब्ध कराएंगे। साथ ही परिचर्चा मंच के माध्यम से शिक्षार्थी अपनी समस्याओं

और जिज्ञासाओं के संबंध में सक्रियता से जुड़ सकते हैं, जिसका समाधान पाठ्यक्रम संयोजक और शिक्षण सहायकों के माध्यम से समयबद्ध तरीके से किया जाएगा।

**9. परीक्षा योजना**

इग्नू द्वारा अपने शिक्षण कार्यक्रमों के लिए सतत मूल्यांकन पद्धति को अपनाया गया है। प्रत्येक शिक्षण सत्र में निर्धारित सत्रीय कार्य और सत्रांत परीक्षा के माध्यम से सतत मूल्यांकन किया जाता है। सत्रीय कार्य के लिए 30 प्रतिशत और सत्रांत परीक्षाओं के लिए 70 प्रतिशत अंक निर्धारित किए गए हैं। सत्रीय कार्य में आप जो अंक प्राप्त करेंगे उसे आपके परीक्षाफल के अंकों में जोड़ दिया जाएगा। इसकी विस्तृत सूचना आपके दिये गए ई-मेल/ऑनलाइन पोर्टल/विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर यथा समय उपलब्ध कराई जाएगी।

***राष्ट्रीय संयोजक***
***प्रो.सत्यकाम, हिंदी संकाय, मानविकी विद्यापीठ***
***समकुलपति, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली***

***ई-मेल : mahindionline@gmail.com***
***संपर्क : 011-29572776, 011-29572753***

# निर्धारित पाठ्यक्रम

## एम.ए.हिन्दी (ऑनलाइन) कार्यक्रम

### प्रथम वर्ष

| क्रम सं. | पाठ्यक्रम कोड | पाठ्यक्रम का शीर्षक | क्रेडिट | अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | MHD 02 | आधुनिक हिन्दी काव्य | 8 | 100 |
| 2. | MHD 03 | उपन्यास एवं कहानी | 8 | 100 |
| 3. | MHD 04 | नाटक और अन्य गद्य विधाएँ | 8 | 100 |
| 4. | MHD 06 | हिन्दी भाषा और साहित्य का इतिहास | 8 | 100 |

### द्वितीय वर्ष

| क्रम सं. | पाठ्यक्रम कोड | पाठ्यक्रम का शीर्षक | क्रेडिट | अंक |
|---|---|---|---|---|
| 5. | MHD 01 | आदिकालीन एवं मध्यकालीन हिन्दी काव्य | 4 | 50 |
| 6. | MHD 05 | साहित्य सिद्धान्त और समालोचना | 8 | 100 |
| 7. | MHD 07 | भाषा विज्ञान और हिन्दी भाषा | 4 | 50 |
| 8. | MHD 13 | उपन्यास : स्वरूप और विकास | 4 | 50 |
| 9. | MHD 14 | हिन्दी उपन्यास -1(प्रेमचंद विशेष) | 4 | 50 |
| 10. | MHD 15 | हिन्दी उपन्यास -2 | 4 | 50 |
| 11. | MHD 16 | भारतीय उपन्यास | 4 | 50 |

# एम.ए.हिन्दी (ऑनलाइन) कार्यक्रम पाठ्य विवरण

इस कार्यक्रम में आपको निम्नलिखित पाठ्यचर्या का अनुपालन करते हुये अध्ययन करना है। इससे संबन्धित स्व-अध्ययन सामग्री आपको सप्ताहवार विभाजित इकाइयों के रूप में पोर्टल पर उपलब्ध होगी। आपको कक्षा-अध्यापन का वातावरण प्रदान करने और अध्ययन में सुविधा के लिए पाठ्यक्रम के अनुरूप शीर्षकों में विभाजित, विषय के ख्यातिलब्ध और विद्वान अध्यापकों द्वारा तैयार वीडियो व्याख्यान भी साथ ही उपलब्ध कराये जाएंगे। 8 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 80 वीडियो और 4 क्रेडिट के पाठ्यक्रम में 40 वीडियो व्याख्यान उपलब्ध कराये जायेंगे। साथ में सप्ताहवार बहुविकल्पीय प्रश्नावली दी जाएगी जिससे आप अपने अध्ययन की प्रगति का स्व-मूल्यांकन कर पाएंगे।

| पाठ्यक्रम 1 | MHD 02 : आधुनिक हिन्दी कविता | 8 क्रेडिट |
|---|---|---|

**नवजागरण काव्य :** भारतेन्दु हरिश्चंद्र, मैथलीशरण गुप्त **छायावादी काव्य (एक):** जयशंकर प्रसाद,सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, **छायावादी काव्य (दो) तथा छायावादोत्तर काव्य :** महादेवी वर्मा, सुमित्रानंदन पंत,रामधारी सिंह दिनकर **प्रगतिशील काव्य :** नागार्जुन, मुक्तिबोध, धूमिल **नई कविता -1 :** अज्ञेय,शमशेर बहादुर सिंह **नई कविता-2 :** रघुवीर सहाय, श्रीकांत वर्मा

निम्नलिखित कविताओं से व्याख्यात्मक प्रश्न पूछे जाएंगे :

| क्र. सं. | कवि का नाम | कवितायें |
|---|---|---|
| 1. | मैथिलीशरण गुप्त | भारत भारती (काव्यांश), साकेत (नवम सर्ग-काव्यांश) |
| 2. | जयशंकर प्रसाद | आँसू (काव्यांश) |
| 3. | सूर्यकांत त्रिपाठी निराला | जुही की कली, बादल राग (6), राजे ने अपनी रखवाली की, बांधो न नाव इस ठाँव बंधु |
| 4. | सुमित्रानंदन पंत | प्रथम रश्मि, भारत माता |
| 5. | महादेवी वर्मा | जो तुम आ जाते एक बार, मैं नीर भरी दुःख की बदली |
| 6. | नागार्जुन | कालिदास, बादल को घिरते देखा है, अकाल और उसके बाद, खुरदुरे पैर, शासन की बंदूक |
| 7. | अज्ञेय | यह दीप अकेला, कलगी बाजरे की, हरी घास पर क्षणभर, कितनी नावों में कितनी बार |
| 8. | शमशेर बहादुर सिंह | उषा, एक पीली शाम |
| 9. | मुक्तिबोध | अंधेरे में (भाग 1 और 2) |
| 10. | रघुवीर सहाय | अंधी पिस्तौल, पैदल आदमी, रामदास, हंसो-हंसो जल्दी हंसो |
| 11. | श्रीकांत वर्मा | बूढ़ा पल, माया दर्पण, मगध के लोग, तीसरा रास्ता |
| 12. | धूमिल | नक्सलबाड़ी, कविता, अकाल-दर्शन, रोटी और संसद |

| पाठ्यक्रम 2 | MHD 03 : उपन्यास एवं कहानी | 8 क्रेडिट |
|---|---|---|

## उपन्यास

**गोदान :**प्रेमचंद **धरती धन न अपना :**जगदीश चन्द्र **सूखा बरगद :** मंजूर एहतेशाम **मैला आँचल :** फणीश्वर नाथ रेणु **बाणभट्ट की आत्मकथा :**हजारी प्रसाद द्विवेदी

## कहानी

**ठाकुर का कुआँ :**प्रेमचंद **पुरस्कार :**जयशंकर प्रसाद **कुत्ते की पूंछ :**यशपाल **पाज़ेब :** जैनेन्द्र कुमार **रोज़ :**अज्ञेय **पिता :**ज्ञानरंजन **तिरिछ :** उदय प्रकाश **त्रिशंकु :**मन्नू भंडारी **चीफ की दावत :**भीष्म साहनी **कर्मनाशा की हार :** शिवप्रसाद सिंह **भोलाराम का**

**जीव :** हरिशंकर परसाई **एक दिन का मेहमान :** निर्मल वर्मा **सिक्का बदल गया :** कृष्णा सोबती **यह अंत नहीं :** ओमप्रकाश वाल्मीकि

| पाठ्यक्रम 3 | MHD 04 : नाटक और अन्य गद्य विधाएँ | 8 क्रेडिट |
|---|---|---|

**हिन्दी नाटक और रंगमंच-1 :** भारतेन्दु हरिश्चंद्र (अंधेर नगरी), जयशंकर प्रसाद (स्कंदगुप्त) **हिन्दी नाटक और रंगमंच-2 :** मोहन राकेश (आधे अधूरे), धर्मवीर भारती (अंधा युग) **एकांकी और नुक्कड़ नाटक ;** भुवनेश्वर (तांबेके कीड़े), औरत (नुक्कड़)

**गद्य साहित्य की अन्य विधाएँ -1**

**निबंध :** धोखा (प्रताप नारायण मिश्र), लोभ और प्रीति (रामचंद्र शुक्ल), कुटज (हजारी प्रसाद द्विवेदी), संस्कृति और जातीयता (रामविलास शर्मा), तीसरे दर्जे का श्रद्धेय (हरिशंकर परसाई)

**गद्य साहित्य की अन्य विधाएँ -2**

**रेखाचित्र :** ठकुरी बाबा (महादेवी वर्मा) **संस्मरण :**वसंत का अग्रदूत (अज्ञेय) **जीवनी:** कलम का सिपाही (अमृतराय) **आत्मकथा :** क्या भूलूँ क्या याद करूँ (हरिवंशराय बच्चन)

**गद्य साहित्य की अन्य विधाएँ -3**

**यात्रा वृत्तान्त :** किन्नर देश की ओर (राहुल सांकृत्यायन) **रिपोर्ताज :** अदम्य जीवन (रांगेय राघव) **साक्षात्कार :** ऑक्टेवियो पाज

| पाठ्यक्रम 4 | MHD 06 : हिन्दी भाषा और साहित्य का इतिहास | 8 क्रेडिट |
|---|---|---|

**हिन्दी साहित्य के इतिहास की भूमिका और आदिकाल :** काल विभाजन और नामकरण,आदिकाल,नाथ,सिद्ध और जैन साहित्य, रासो काव्य, लौकिक साहित्य **भक्तिकालीन साहित्य :** भक्तिकाल की पृष्ठभूमि, निर्गुण ज्ञानमार्गी संत काव्यधारा,निर्गुण प्रेममार्गी सूफी काव्यधारा, कृष्णभक्ति काव्य,रामभक्ति काव्य **रीतिकालीन साहित्य :** पृष्ठभूमि और स्वरूप **आधुनिक साहित्य-1 :** आधुनिक साहित्य की पृष्ठभूमि, भारतेन्दु युग,द्विवेदी युग, छायावाद **आधुनिक साहित्य-2 :** उत्तर छायावादी कविता,प्रगतिशील साहित्य,प्रयोगवाद और नई कविता,समकालीन कविता **आधुनिक हिन्दी गद्य साहित्य :** हिन्दी कथा साहित्य, हिन्दी नाट्य साहित्य, हिन्दी आलोचना, निबंध एवं अन्य गद्य विधाएँ,उर्दू साहित्य का परिचय **भारतीय आर्य भाषाएँ :** भारतीय भाषा परिवार, भारोपीय परिवार, भारतीय आर्य भाषाएँ, संस्कृत से अपभ्रंश, आधुनिक आर्य भाषाएँ और हिन्दी **हिन्दी भाषा का विकास:**हिन्दी भाषा, देवनागरी लिपि

| पाठ्यक्रम 5 | MHD 01 : आदिकालीन एवं मध्यकालीन हिन्दी काव्य | 4 क्रेडिट |
|---|---|---|

**आदि काव्य :**पृथ्वीराज रासो (चंदबरदाई), विद्यापति पदावली (विद्यापति) **भक्ति काव्य-1(निर्गुण काव्य) :** कबीर , मलिक मुहम्मद जायसी **भक्ति काव्य-2 (सगुण काव्य) :** सूरदास, मीरा, तुलसीदास **रीति काव्य :** बिहारी, घनानन्द, पद्माकर

- **निर्धारित कविताओं का पाठ आपको उपलब्ध कराया जाएगा।**

| पाठ्यक्रम 6 | MHD 05 : साहित्य सिद्धान्त और समालोचना | 8 क्रेडिट |
|---|---|---|

**साहित्य की अवधारणा :** काव्य लक्षण, काव्य प्रेरणा, काव्य हेतु, काव्य प्रयोजन, शब्द शक्ति विवेचन **भारतीय काव्यशास्त्र : विकास के चरण :**भारतीय काव्यशास्त्र के प्रमुख संप्रदाय **रस चिंतन के विविध आयाम :** रस की परिभाषा,स्वरूप और रस निष्पत्ति, साधारणीकरण, काव्य का अधिकारी **पाश्चात्य काव्यशास्त्र-1 :** प्लेटो का काव्य चिंतन, अरस्तू का साहित्य चिंतन, लोंजाइनस (उदात्त की अवधारणा), जॉन ड्राइडन (युग परिवेश और आलोचना सिद्धान्त), स्वच्छंदतावादी काव्य चिंतन (वर्ड्सवर्थ और कॉलरिज), मैथ्यू आर्नल्ड(कला और नैतिकता) **पाश्चात्य काव्यशास्त्र-2:** क्रोचे का अभिव्यंजनवाद, टी.एस.इलियट का साहित्य चिंतन, आई.ए.रिचर्ड्स का साहित्य चिंतन, नई समीक्षा(न्यू क्रिटिसिज़्म) **साहित्य सिद्धान्त और विचारधाराएँ :** आभिजात्यवाद एवं स्वच्छंदतावाद, मनोविश्लेषणवादी आलोचना, मार्क्सवादी आलोचना,साहित्य चिंतन के विविध वाद, साहित्य अध्ययन की प्रमुख पद्धतियाँ, अस्तित्ववाद,आधुनिकतावाद और उत्तर आधुनिकता **हिन्दी आलोचना:** साहित्य की आधुनिक अवधारणा और आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, शुक्लोत्तर हिन्दी आलोचना, हिन्दी की मार्क्सवादी आलोचना और डॉ.रामविलास शर्मा, साहित्य की विधाएँ

| पाठ्यक्रम 7 | MHD 07 : भाषाविज्ञान और हिन्दी भाषा | 4 क्रेडिट |
|---|---|---|

**भाषा विज्ञान :** भाषा और सम्प्रेषण, भारत में भाषा चिंतन, भाषाविज्ञान की पाश्चात्य परंपरा, संरचनात्मक भाषाविज्ञान, चॉम्स्की तथा रूपान्तरण-निष्पादन व्याकरण, समाजभाषा विज्ञान:भाषा और समाज, हिन्दी भाषा क्षेत्र **हिन्दी संरचना :** ध्वनि संरचना, रूप, शब्द और पद, वाक्य संरचना, अर्थ संरचना, प्रोक्ति विश्लेषण **अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान :** मनोभाषाविज्ञान, भाषा शिक्षण, अनुवाद, भाषा तुलना, शैलीविज्ञान, कोश विज्ञान

| पाठ्यक्रम 8 | MHD 13 : उपन्यास : स्वरूप और विकास | 4 क्रेडिट |
|---|---|---|

**उपन्यास के सिद्धान्त और स्वरूप -1 :** आख्यान के विभिन्न रूप और उपन्यास, उपन्यास का अर्थ और स्वरूप, उपन्यास का उदय और उसके कारण, उपन्यास और अन्य गद्य विधाएँ **उपन्यास के सिद्धान्त और स्वरूप -2 :** उपन्यास : वस्तु और शिल्प, उपन्यास की भाषिक संरचना, उपन्यास : वर्गीकरण तथा उसके विभिन्न आधार, उपन्यास की आलोचना दृष्टियाँ **विश्व साहित्य में उपन्यास :** विश्व साहित्य में उपन्यास का उदय, उन्नीसवीं सदी के यूरोपीय उपन्यास, बीसवीं सदी के उपन्यास **भारतीय साहित्य में उपन्यास :** भारतीय उपन्यास की अवधारणा, नवजागरण और भारतीय उपन्यास, राष्ट्रीय आंदोलन और भारतीय उपन्यास, स्वातंत्र्योत्तर भारतीय उपन्यास **हिन्दी साहित्य में उपन्यास :** नवजागरण और हिन्दी उपन्यास का उदय, राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन और हिन्दी उपन्यास, स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी उपन्यास, हिन्दी उपन्यास-आलोचना का विकास

| पाठ्यक्रम 9 | MHD 14 : हिन्दी उपन्यास -1(प्रेमचंद विशेष) | 4 क्रेडिट |
|---|---|---|

**प्रेमचंद : व्यक्तित्व एवं कृतित्व :** प्रेमचंद का व्यक्तित्व एवं जीवन दृष्टि

**अध्ययन हेतु निर्धारित उपन्यास :** सेवासदन, प्रेमाश्रम, रंगभूमि, गबन

| पाठ्यक्रम 10 | MHD 15 : हिन्दी उपन्यास -2 | 4 क्रेडिट |
|---|---|---|

**अध्ययन हेतु निर्धारित उपन्यास :** झूठा सच, ज़िंदगीनामा, सूरज का सातवाँ घोड़ा, राग दरबारी

| पाठ्यक्रम 11 | MHD 16 : भारतीय उपन्यास | 4 क्रेडिट |
|---|---|---|

**अध्ययन हेतु निर्धारित उपन्यास :** चेम्मीन (मलयालम), संस्कार (कन्नड़), मानवीनी भवाई (गुजराती), जंगल के दावेदार (बांग्ला)


प्रवेश हेतु और अधिक जानकारी के लिए लॉग ऑन करें :

www.iop.ignouonline.ac.in

www.ignou.ac.in

अथवा

हमसे सीधे जानकारी प्राप्त करें

Email

mahindionline@gmail.com

soh@ignou.ac.in

दूरभाष : 011-29572776, 29572753